**VASHISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI**

**(Academic Session: 2025-26)**

**Date: ________ Class: 4 Div: A/C Roll No: ______ Sub: 2L Hindi**

**Name: ________________________________________ Worksheet: No.5(Picture Writing)**

## चित्र - वर्णन

**प्रश्न - दिए गए चित्रों का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए :**

**(1.) उत्तर –** यह चित्र एक पुस्तकालय का है | पुस्तकालय में बहुत – सी पुस्तकें सजाकर रखी गई हैं | दो लड़कियाँ कुर्सी पर बैठकर पढ़ रही हैं | मेज पर दोनों की पुस्तकें खुली हुई हैं | उनके चेहरे पर मुस्कान दिखाई दे रही है | एक लड़की के बाईं तरफ़ पुस्तकों की बहुत बड़ी अलमारी रखी है | पूरे चित्र में चार बड़ी – बड़ी अलमारियाँ दिखाई दे रही हैं जिसमें पुस्तकें रखी गई हैं | पुस्तकालय में शोर – शराबा करना मना होता है | अच्छी पुस्तकें हमारा मनोरंजन तो करती ही हैं साथ ही साथ हमारा ज्ञान भी बढ़ाती हैं |

**(2.) उत्तर –** आज दीपक का जन्मदिन है | उसने जन्मदिन पर अपने सभी दोस्तों को बुलाया है | उसकी माँ ने घर में अच्छे – अच्छे पकवान और उसकी पसंद का केक बनाया है | उसके दोस्तों ने बहुत सारे रंग – बिरंगे गुब्बारों से घर की सजावट की | दीपक के साथ –साथ रूही और नीरा ने भी सुंदर टोपी पहन रखी है | दीपक ने अपने जन्मदिन पर दादा – दादी , पापा – मम्मी और दीदी के साथ मंदिर में पूजा की | उसके बाद केक काटकर सबको खिलाया | हम सभी दोस्तों ने उसे जन्मदिन की बधाई और उपहार दिए | दीपक ने हम सबको गले लगाकर धन्यवाद दिया | हम सबने खूब मस्ती की | घर लौटते समय उसने हमें प्यार से चॉकलेट और टॉफियाँ देकर विदा किया |

**(3.) उत्तर –** यह चिड़ियाघर का चित्र है | यहाँ कई तरह के जानवर हैं | शेर , हाथी , भालू , मगरमच्छ , बंदर तथा और भी कई जानवर | शेर पिंजरे में बंद है | हाथी झूम – झूमकर चल रहा है | एक बंदर मूँगफलियाँ खा रहा है| एक बंदर पेड़ से लटककर झूल रहा है | पास ही मगरमच्छ पानी में तैर रहा है| भालू सभी को ध्यान से देख रहा है | मैं और पापा पूरे चिड़ियाघर की सैर कर शाम को वापस घर की ओर चल पड़े | मुझे आज बहुत मज़ा आया |